प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–07.07.2023 (सं0–336)

वर्ष 2023 की छमाही में बिहार पुलिस की मद्यनिषेध इकाई के द्वारा बडे शराब की खेपों पर कार्रवाई में गिरफ्तारियाँ तथा बरामदगी

राज्य में मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 की सफलता तथा पूर्णतः मद्यनिषेध लागू किये जाने हेतु बिहार पुलिस के द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में लगातार आसूचना संकलन कर शराब की **बड़ी खेप** बरामद तथा जप्त की जा रही है। केवल मद्यनिषेध प्रभाग के द्वारा वर्ष **2023 की छमाही में 124 ट्रक (कण्टेनर)** को शराब के साथ पकड़ा गया।

बिहार के बाहर के शराब तस्करों (बड़े शराब माफिया) के द्वारा बिहार राज्य के अवैध शराब कारोबारियों के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों से अवैध शराब की बड़ी खेप वाहनों से बिहार में भेजी जा रही थी। मद्यनिषेध प्रभाग के द्वारा इनके विरुद्ध आसूचना संकलन करते हुए विभिन्न राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित करके की गई शराब तस्करी में लिप्त अभियुक्तों की भी निरन्तर गिरफ्तारी की जा रही है।

वर्ष 2023 की छमाही में बिहार पुलिस की मद्यनिषेध इकाई के द्वारा मद्यनिषेध अभियान को सफल बनाने हेतु की गई कार्रवाई में अर्जित उपलब्धियों का ब्योरा निम्नवत हैः–

वर्ष	अंकित प्राथमिकी	गिरफ्तारी	बरामदगी (लीटर में)		जप्त वाहन		
			विदेशी शराब	कुल (विदेशी+देशी+स्पिरीट)	ट्रक	चार पहिया एवं अन्य	मोटरसाइकिल
2021	361	381	2,42,044	3,17,625	85	97	49
2022	292	453	3,57,575	3,74,418	99	148	43
2023	249	371	5,11,686	5,23,671	124	171	58

- इस छमाही में मद्यनिषेध इकाई के द्वारा **करीब 05 लाख 23 हजार लीटर शराब/स्प्रीट** बरामद किया गया तथा **124 ट्रक/कन्टेनर सहित कुल 353 वाहनों** को जप्त किया गया, जो वर्ष 2021 तथा वर्ष 2022 से अधिक है।

वर्ष 2023 की छमाही में बिहार पुलिस की मद्यनिषेध इकाई के द्वारा **बिहार राज्य से बाहर के अभियुक्तों की गिरफ्तारी** का ब्योरा निम्नवत है :–

राज्य	**अभियुक्त की संख्या**
हरियाणा	15
राजस्थान	03
दिल्ली	01
पश्चिम बंगाल	01
झारखण्ड	09
कुल	**29**

- वर्ष 2021 के छमाही में बिहार राज्य से बाहर के 19 शराब तस्कर गिरफ्तार किये गये थें। (हरियाणा–06, झारखण्ड–04, उत्तर प्रदेश–05, पश्चिम बंगाल–04)
- इस प्रकार वर्ष 2023 की छमाही में मद्यनिषेध इकाई के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शराब की बड़ी खेपों पर कार्रवाई की गई। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 की छमाही में वर्ष 2021 की छमाही से लगभग 65 प्रतिशत अधिक शराब की बरामदगी की गई तथा वर्ष 2022 की छमाही से लगभग 40 प्रतिशत अधिक शराब की बरामदगी की गई।

XXXXXXXX